HINDI

HALIFAX

# घर के मालिक के लिए मार्गदर्शिका | कौन-सी चीज़ कहाँ जाती है

## हरे रंग का कूड़ेदान

**ऑर्गेनिक**

- सारा खराब खाना
- खाना पकाने का तेल और वसा
- गंदे नैपकिन और रसोई में इस्तेमाल किए जाने वाले कागज़ के तौलिये
- कॉफी फिल्टर और टी-बैग

आपके हरे रंग के कूड़ेदान में गीले खाद्य अपशिष्ट फेंकने के लिए बॉक्सबोर्ड या कागज की एक शीट का उपयोग किया जा सकता है।

### हरे रंग के कूड़ेदान में न डालें

- प्लास्टिक बैग नहीं (चाहे उन पर "कंपोस्टेबल" या "बायोडिग्रेडेबल" लिखा हो)
- राख नहीं
- घास नहीं
- जानवरों का मल नहीं
- मिट्टी या घास के टुकड़े नहीं
- कॉफ़ी के कप नहीं
- काँच या धातु नहीं
- दूध के डिब्बे नहीं
- बाग-बगीचे का कचरा नहीं

## बिना कागज के कचरा रीसायकलिंग बैग 1

**नीले बैग में रीसाइक्लिंग के लिए डालें**

- सभी प्रकार के प्लास्टिक कंटेनर
- सभी प्रकार के पेय पदार्थ के कंटेनर, जो बिक जाते हैं
- सभी प्रकार के प्लास्टिक बैग
- दूध और जूस के कंटेनर (ढक्कन हटाकर)
- कांच की बोतलें और जार
- एल्युमिनियम फॉयल और प्लेटें
- टिन/एल्युमिनियम के खाने के डिब्बे
- बर्तन और कढ़ाई

### नीले बैग में न डालें

- स्टायरोफोम नहीं
- कागज़ नहीं
- प्लास्टिक की कटलरी नहीं
- डिस्पोजेबल कप नहीं
- बोतलों के ढक्कन नहीं
- टूटा हुआ कांच नहीं

## कागज के उत्पाद रीसायकलिंग बैग 2

**कागज़ और गत्ता**

- गत्ते का डिब्बा (फ्रोजन पिज़्ज़ा की बाहरी पैकेजिंग सहित)
- कटे हुए/ साबुत कागज़
- कागज़ के अंडों के डिब्बे
- अखबारी कागज और पर्चे
- कैटलॉग, पेपरबैक, पत्रिकाएँ और फ़ोन बुक
- लिफाफे

## कचरा

**कचरा बैग में डालें:**

- एरोसोल के डिब्बे (खाली)
- जानवरों का मल
- टूटा हुआ कांच (लपेटकर)
- कॉफ़ी के कप
- आलू के चिप्स के बैग
- स्टायरोफोम

## घरेलू विशेष कचरा (HSW)

उपरोक्त चिन्ह वाले सामान HSW डिपो पर छोड़ें। समय और स्वीकार्य वस्तुओं की सूची ऑनलाइन उपलब्ध है।

## अन्य

**पेंट और खाली डिब्बे**
Enviro-Depot **(productcare.org)** पर ले जाएँ।

**इलेक्ट्रॉनिक्स/माइक्रोवेव**
रीसाइक्लिंग सेंटर पर ले जाएँ— **recyclemyelectronics.ca** पर स्थान और स्वीकार्य वस्तुएँ देखें।

**बैटरियाँ**
रिटेल टेक-बैक प्रोग्राम के तहत लौटाएँ, रीसाइक्लिंग साइट के लिए **recycleyourbatteries.ca** पर जाएँ।

**दवाएँ/सीरिंज**
फार्मेसी रिटर्न प्रोग्राम सुरक्षित शार्प्स कंटेनर के लिए फार्मेसी से संपर्क करें।

**कपड़े/वस्त्र**
पुराने कपड़े, जूते और वस्त्र दान करें।

**खाली तेल और एंटीफ्रीज़ कंटेनर**
जनवरी 2020 से, रीसाइक्लिंग सेंटर पर ले जाएँ— स्थान और स्वीकार्य वस्तुओं के लिए **uoma-atlantic.com** पर जाएँ।

कृपया **halifax.ca/recycle** पर जाएं या Halifax डाउनलोड करें कौन-सी चीज़ कहाँ जाती है,इसकी पूरी सूची रीसाइकल्स ऐप पर उपलब्ध है।

HINDI

# घर के मालिक के लिए मार्गदर्शिका | यह कैसे काम करता है

HALIFAX

## हरे रंग का कूड़ेदान

**हर 2 सप्ताह में एकत्र किया जाता है**

घरों के बाहर सड़क के किनारे से उठाने के लिए योग्य घरों को एक हरा कूड़ेदान और छोटा-कूड़ेदान मिलता है।

अगर आप घर बदलते हैं, तो कूड़ेदान और रसोई का छोटा-कूड़ेदान आपके घर पर ही रहता है। यदि आपका कूड़ेदान क्षतिग्रस्त है, तो मरम्मत या बदलने के लिए **311** पर कॉल करें।

कूड़ेदान को क्षतिग्रस्त होने से बचाने के लिए वजन सीमा 100 किलोग्राम (220 पाउंड) है, अन्यथा उपकरण इसे नहीं उठाएंगे।

यार्ड कचरे को केवल हरे कूड़ेदान या पेपर बैग में रखा जा सकता है—प्लास्टिक में नहीं।

प्रत्येक जैविक कचरा एकत्र करने के लिए 20 पेपर बैग की सीमा है। एकत्र के लिए अधिकतम 25 किलोग्राम (55 पाउंड) वजन वाले बैग की अनुमति है।

पेड़ की शाखाओं को एक हाथ की लंबाई के आकार के बंडल में बांधा जाए। बंडल में कोई भी टुकड़ा 1.2 मीटर (4 फीट) से अधिक लंबा या 0.2 मीटर (8 इंच) से अधिक व्यास का नहीं होना चाहिए। प्रत्येक संग्रह के लिए 5 बंडलों की सीमा है।

क्रिसमस ट्री आपके नियमित हरे कूड़ेदान संग्रह के साथ एकत्र किए जाएंगे। बैग, आभूषण, स्टैंड हटा दें और पेड़ को कूड़ेदान के बगल में रखें।

## बिना कागज के कचरा रीसायकलिंग बैग 1

**पारदर्शी नीले बैग की आवश्यकता है।**

हैलिफ़ैक्स क्षेत्रीय नगर पालिका (Halifax Regional Municipality) के सभी समुदायों में हर 2 सप्ताह में रीसाइक्लिंग को एकत्र किया जाता है।

सभी प्लास्टिक बैगों को एक साथ भरें (बैग के अंदर बैग)—ढीले बैग नहीं। ढीले बैगों को रीसाइक्लिंग प्लांट में रखनामुश्किल होता है।

रेडी-टू-सर्व पेय पदार्थ के कंटेनर भी सभी ENVIRO-DEPOT स्थानों पर बिक जाते हैं (आधा पैसा वापसी प्रणाली), अधिक जानकारी के लिए **divertns.ca** पर जाएँ।

रीसाइक्लिंग बैग की संख्या की कोई सीमा नहीं है।

**व्यवसाय का कचरा स्वीकार नहीं किया जाता है।**

## कागज के उत्पाद रीसायकलिंग बैग 2

**पारदर्शी नीले बैग को प्राथमिकता दी जाएगी। साफ़ और रिटेल बैग भी स्वीकार किए जाते हैं।**

कंटेनर और कागज़ को एक ही बैग में न मिलाएँ, अन्यथा इसे सड़क के किनारे पर अस्वीकार कर दिया जाएगा।

हैलिफ़ैक्स क्षेत्रीय नगर पालिका (Halifax Regional Municipality) के सभी समुदायों में हर 2 सप्ताह में रीसाइक्लिंग को एकत्र किया जाता है।

कागज़ को साफ़ और सूखा रखें।

नालीदार गत्ता को बांधकर बांह के आकार के बंडलों में रखा जाना चाहिए जो 0.6 मीटर (2 फीट) x 0.9 मीटर (3 फीट) x 0.2 मीटर (8 इंच) से अधिक न हो।

रीसाइक्लिंग बैग की संख्या की कोई सीमा नहीं है।

**व्यवसाय का कचरा स्वीकार नहीं किया जाता है।**

## कचरा

हर 2 सप्ताह में एकत्र किया जाता है

**पारदर्शी कचरा बैग अनिवार्य हैं।**

सिंगल यूनिट वाले घर: प्रति संग्रहण अधिकतम 6 बैग की सीमा। 5 बैग तक नवीनीकरण कचरे से बदले जा सकते हैं। प्रति संग्रहण 1 बड़ा (फर्नीचर/उपकरण) सामान की सीमा।

बहु-इकाई वाली इमारतें (2-6 इकाइयाँ): प्रति यूनिट 4 बैग की सीमा। प्रति संग्रहण 2 बड़ा (फर्नीचर/उपकरण) सामान की सीमा। नवीनीकरण कचरा स्वीकार नहीं किया जाता है।

सीमा में 1 गूढ़े रंग के बैग (dark privacy bag) की अनुमति है। बाकि के बैग पारदर्शी होने चाहिए। निजता के लिए सभी पारदर्शी बैग कचरे के कैन में रखे जा सकते हैं।

सभी आवासीय रेफ्रिजरेटर, फ्रीजर और डीह्यूमिडिफायर से CFC रेफ्रिजरेंट को सड़क के किनारे एकत्र करने के लिए मुफ्त हटाया जाता है, व्यवस्था करने के लिए **311** पर कॉल करें।

बैग का अधिकतम वजन 25 किग्रा (55 पौंड) होना चाहिए। कचरा के कैन और नवीनीकरण बंडलों का अधिकतम वजन 34 किग्रा (75 पौंड) होना चाहिए। बंडल 1.2 मीटर (4 फीट) से अधिक लंबे नहीं होने चाहिए।

## घरेलू विशेष कचरा (HSW)

**घरेलू विशेष अपशिष्ट को सड़क के किनारे एकत्र नहीं किया जाता है।**

HSW डिपो केवल शनिवार को Bayers Lake में 20 Horseshoe Lake Drive पर संचालित होता है (छुट्टियों के सप्ताहांत को छोड़कर)। समय की जानकारी के लिए**311** पर कॉल करें या **halifax.ca/hsw** पर जाएँ।

घरेलू विशेष कचरे को पूरे वर्ष आयोजित होने वाले विशेष सामुदायिक आयोजनों में ले जाया जा सकता है।

व्यवसाय का कचरा स्वीकार नहीं किया जाता है। केवल हैलिफ़ैक्स क्षेत्रीय नगर पालिका (Halifax Regional Municipality) के आवासीय घर ही डिपो ड्रॉप-ऑफ़ सेवा के लिए पात्र हैं।

**याद रखें:** छोटे कैंपिंग प्रोपेन सिलेंडर HSW कार्यक्रम में शामिल हैं।

कूड़े को सुबह 7 बजे तक सड़क के किनारे रखें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उसे वहाँ दे उठाया जाए।

Halifax Recycles मोबाइल और वेब ऐप का उपयोग करके देखें कि कौन-सी चीज़ कहाँ जाती है और साप्ताहिक सूचनाएं प्राप्त करें।

**halifax.ca/whatgoeswhere**

Updated in 2024